कार्यालय उप वन संरक्षक, हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार।

दूरभाष/फैक्स 01334 226271, email : dfo_hardwar@rediffmail.com

पत्रांक : 4836/12–1 , हरिद्वार दिनांक 6 अप्रैल, 2022

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता,
राष्ट्रीय मार्ग खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

विषयः– **केन्द्रीय सड़क योजना के अन्तर्गत रूड़की (ढंढेरा फाटक) लक्सर–बालावाली (राज्य मार्ग संख्या 26) के किमी0 1 से 19 तक मार्ग के चौड़ीकरण में वृक्षारोपण हेतु दुगनी भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :– **प्रस्ताव संख्या FP/UK/Road/153125/2022**

महोदय

उपरोक्त सन्दर्भित प्रस्ताव ऑनलाईन व ऑफलाईन इस कार्यालय को प्रेषित किया गया। विषयांकित प्रकरण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 03.04.2022 को स्थलीय निरीक्षण किया गया। प्रस्ताव की मूल प्रतियों का अवलोकन करने से प्रस्ताव में वृक्षारोपण से सम्बन्धित मानचित्र एवं टोपो शीट उपलब्ध नहीं है।

आपके प्रस्ताव के अनुसार प्रभावित संरक्षित वन भूमि के सापेक्ष दुगने क्षेत्र में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु इस वन प्रभाग के चिड़ियापुर रेंज के अन्तर्गत कोटावली कक्ष सं0–9 अवनत वन क्षेत्र जो वर्ष 2011–12 में यूकेलिप्टिस निःशेष पातन के कारण 55.00 है0 क्षेत्र वर्तमान में अवनत वन के रूप में रिक्त है। उक्त क्षेत्र में से 14.64 है0 क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराई जाती है।

अतः आपके द्वारा मूल प्रस्ताव ऑनलाईन के माध्यम से इस आशय से वापस लौटाया जाता है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण सम्बन्धी मानचित्र एवं टोपोशीट आई0टी0सेल, देहरादून से प्राप्त कर प्रस्ताव में यथा स्थान पर चस्पा कर इस कार्यालय को प्रेषित करें। कृपया प्रकरण में आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

उक्त स्थल की जी0पी0एस0 रीडिंग N 29°47’49’’ E 78°17’29” है।

भवदीय

(दीपक सिंह)
उप वन संरक्षक,
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार

new all file

Scanned with CamScanner